# 21 राजस्थान की प्रथाएँ व रीति-रिवाज

1. मेवाड़ रियासत में डाकण प्रथा पर रोक लगाने के वक्त मेवाड़ के महाराणा कौन थे?
(1) महाराणा फतेहसिंह (2) महाराणा सज्जनसिंह
(3) महाराणा राजसिंह (4) महाराणा स्वरूप सिंह (4)

**व्याख्या–** मेवाड़ रियासत में महाराणा स्वरूप सिंह ने 1853 ई. में इस प्रथा पर सर्वप्रथम रोक लगाई।

2. मारवाड़ में किसी खास मौके पर अफीम गलाने व एक दूसरे को देने की रस्म क्या कहलाती है?
(1) हलोटा (2) डाण
(3) अखराई (4) रियाण (4)

3. राजस्थानी संस्कृति में वर पक्ष की ओर से दिया जाने वाला भोज क्या कहलाता है?
(1) मौसर (2) सवामणी
(3) जनोटण (4) धोवण (3)

4. शिशु जन्म के अवसर पर वह रस्म जिसमें पूजा के लिए गाँव के कुएँ या जलस्रोत पर एक शोभायात्रा के साथ जच्चा को ले जाया जाता है?
(1) जलवा पूजन (2) पानी पूजन
(3) मटकी पूजन (4) चूड़ा पूजन (1)

5. निम्न में से कौनसी प्रथा मृत्यु से संबंधित नहीं है?
(1) भदर होना (2) उठावना
(3) रस्म पगड़ी (4) दस्तूर (4)

**व्याख्या–** दस्तूर विवाह से संबंधित रस्म है।

6. मेवाड़ रियासत में मेवाड़ के महाराणा के प्रति स्थायी भक्ति की शपथ लेना क्या कहलाती थी?
(1) आन प्रथा (2) तागा करना
(3) वधारा देना (4) प्राण प्रथा (1)

7. राजस्थान में अंतिम सती होने की घटना किस जिले की है?
(1) सीकर (2) झुंझुनूं
(3) जयपुर (4) चुरू (1)

**व्याख्या–** राजस्थान की अंतिम सती सीकर जिले के देवराला गांव की रूपकँवर नामक महिला थी।

8. राजस्थान में बाल विवाह पर सर्वप्रथम रोक लगाने वाली रियासत है?
(1) कोटा (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) मेवाड़ (3)

**व्याख्या–** बालविवाह पर सर्वप्रथम जोधपुर के प्रधानमंत्री सर प्रताप ने 1885 ई. में रोक लगाई।

9. डाकण प्रथा मुख्य रूप से राजस्थान की किस जनजाति में पायी जाती है?
(1) मीणा (2) भील
(3) गरासिया (4) कंजर (2)

10. राजस्थान डायन प्रथा निवारण अधिनियम किस वर्ष से लागु हुआ।
(1) 2015 (2) 2016
(3) 2017 (4) 2014 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान डायन प्रताडना निवारण अधिनियम (2015) को 26 जनवरी, 2016 से लागु कर इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया।

11. जैन सम्प्रदाय में स्वेच्छा से अन्न, जल त्याग कर मोक्ष प्राप्त करने के लिए देह त्याग करने की प्रथा क्या कहलाती है?
(1) संथारा (2) उठावना
(3) अंत्येष्टि (4) पानीवाड़ा (1)

12. यदि राजा द्वारा किसी दासी को उपपत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया जाता था तो वह क्या कहलाती थी –
(1) पड़दायत (2) सागड़ी
(3) ओलन्दी (4) ईकताई (1)

13. शारदा एक्ट का सम्बन्ध किस प्रथा से है –
(1) सागड़ी प्रथा (2) त्याग प्रथा
(3) दास प्रथा (4) बाल विवाह (4)

14. दामाद को ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा टीका निकालकर दी जाने वाली नगद राशि क्या कहलाती है?
(1) पगधोई (2) जुहारी
(3) पहरावणी (4) कन्यादान (2)

15. ग्रामीण क्षेत्रों में एक-दूसरे के खेतों में बिना पारिश्रमिक के सामुहिक रूप से मदद करने की परम्परा कहलाती है?
(1) बेगार (2) चाकरी
(3) ल्हास (4) सागड़ी (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में मृत शरीर को भी राजस्थानी भाषा में 'लाश' कहते है।

16. मृतक के बेटे व पोतों द्वारा शव यात्रा के आगे-आगे चलते हुए अर्थी को प्रणाम करने की रस्म क्या कहलाती है?
(1) पिंडदान (2) बिखेर
(3) दंडोत (4) औसर (3)

17. बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम 1929 पूरे भारत में कब से लागू हुआ?
(1) 1 अप्रैल 1929 (2) 1 अप्रैल 1930
(3) 1 अप्रैल 1932 (4) 1 अप्रैल 1934 (2)

**व्याख्या–** भारत में 'बालविवाह प्रतिबंध अधिनियम 1929'– 28 सितम्बर, 1929 को 'इम्पीरियर लेजिस्लेटिव काउंसिल ऑफ इंडिया' में पारित हुआ। यह कानून 1 अप्रैल, 1930 से पूरे भारत में लागू हुआ। इसमें लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 14 साल व लड़कों के विवाह की उम्र 18 साल रखी गयी।

18. राजस्थान की अंतिम सती मानी जाने वाली 'रूपकंवर' का सम्बन्ध सीकर जिले के किस गाँव से है?
(1) रेवासा (2) देवराला
(3) पाटोदा (4) पाटन (2)

19. किस संस्कार के पश्चात् ब्रह्मचार्य आश्रम की शुरूआत होती है?
(1) चूण्डाकर्म (2) उपनयन
(3) समावर्तन (4) विद्यारंभ (2)

20. किसी योद्धा की मृत्यु के बाद उसकी निशानी के साथ उसकी विधवा पत्नी द्वारा चितारोहण होना कहलाता है?
(1) साका (2) चारी
(3) जौहर (4) महासती (4)

21. राजस्थान की अंतिम सती है?
(1) रूपकंवर (2) प्रेमल देवी
(3) पद्मावती (4) रूपादे (1)

**व्याख्या–** 4 सितम्बर, 1987 में सीकर जिले के देवराला गाँव की रूपकंवर नामक महिला सती हुई। यह राजस्थान की अंतिम सती मानी जाती है।

22. सती निवारण अध्यादेश 1987 कब लागू हुआ?
(1) 3 जनवरी 1968 (2) 3 जनवरी 1978
(3) 3 जनवरी 1998 (4) 3 जनवरी 1988 (4)

23. किसके प्रयासों से सतीप्रथा पर रोक लगाई गई?
(1) विलियम लूडलो (2) जॉन लूडलो
(3) कॉर्नवालिस (4) विलियम बैंटिक (4)

**व्याख्या–** भारत में सतीप्रथा पर रोक के लिए राजा राम मोहनराय के प्रयासों से लॉर्ड विलियम बैंटिक द्वारा दिसम्बर 1829 को एक अधिनियम द्वारा सती प्रथा को एक दण्डनीय अपराध घोषित किया गया।

24. लॉर्ड विलियम बैंटिक द्वारा सती प्रथा को दंडनीय अपराध कब घोषित किया गया?
(1) दिसम्बर 1849 (2) दिसम्बर 1839
(3) दिसमबर 1819 (4) दिसम्बर 1829 (4)

25. पुरुषों द्वारा युवती के पिता को वधू मूल्य चुका कर विवाह करना कहलाता है?
(1) दापा (2) चारी
(3) झगड़ा (4) नातरा (1)

26. महाराव विष्णुसिंह राव द्वारा राजस्थान में कौनसी प्रथा पर रोक लगाई गई?
(1) कन्या वध (2) डाकण प्रथा
(3) सती प्रथा (4) त्याग प्रथा (3)

27. बाल विवाह पर रोक लगाने का प्रयास किसने किया?
(1) ईश्वरचन्द विद्यासागर (2) राजा राम मोहन राय
(3) रामसिंह द्वितीय (4) हरविलास शारदा (4)

28. विवाह के बाद वधू के स्वागत में किया जाने वाला भोज क्या कहलाता है?
(1) सीख (2) बिंदौली
(3) बरोटी (4) बढ़ार (3)

29. सती प्रथा पर रोक लगाने का प्रयास किसने किया?
(1) ईश्वरचन्द विद्यासागर (2) राजा राम मोहन राय
(3) सर प्रतापसिंह (4) हरविलास शारदा (2)

30. रामसिंह द्वितीय द्वारा राजस्थान में कौनसा सुधार कार्य किया गया?
(1) समाधी प्रथा पर रोक (2) डाकण प्रथा पर रोक
(3) सती प्रथा पर रोक (4) समाधि प्रथा पर रोक (4)

31. समाधि प्रथा पर सर्वप्रथम रोक किसके द्वारा लगाई गई?
(1) सर प्रताप (2) सवाई जयसिंह
(3) महाराव विष्णु सिंह (4) जॉन लूडलो (4)

**व्याख्या–** समाधि प्रथा पर सर्वप्रथम रोक जयपुर के पॉलिटिकल एजेंट जॉन लूडलो के प्रयासों से 1844 ई. में जयपुर में रामसिंह द्वितीयने लगाई थी।

32. बेटी का पिता किस प्रथा में अपने रिश्तेदारों को बुलाकर बेटी व जंवाई को कपड़े, आभूषण आदि थाली में रख देता है–
(1) कोथला (2) चारी
(3) शगुन (4) मांग (1)

**व्याख्या–** जापे के बाद लड़की के पीहर से ससुराल जाते समय उसके पति व अन्य घरवालों के लिए कपड़े देने की रस्म कोथला कहलाती है।

33. सुमेलित कीजिए–

| प्रथा | रोक लगाने का वर्ष |
|---|---|
| (A) बाल विवाह प्रथा | (1) 1885 |
| (B) समाधि प्रथा | (2) 1832 |
| (C) डाकण प्रथा | (3) 1853 |
| (D) दास प्रथा | (4) 1844 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(2)

34. दास प्रथा पर रोक लगाने का श्रेय किसे जाता है?
(1) अकबर (2) ग्यासुद्दीन तुगलक
(3) मुहम्मद बिन तुगलक (4) इल्तुतमिश (1)

35. हाली प्रथा का संबंध है?
(1) बन्धुआ मजदूर (2) डावरिया प्रथा
(3) पर्दा प्रथा (4) त्याग प्रथा (1)

**व्याख्या–** सागड़ी निवारण अधिनियम 1961 के द्वारा भारत सरकार ने इसे गैर कानूनी घोषित कर दिया।

36. राजस्थान में विधवा विवाह को सर्वप्रथम प्रोत्साहन जयपुर के किस शासक ने दिया?
(1) मानसिंह (2) प्रतापसिंह
(3) ईश्वरीसिंह (4) सवाई जयसिंह (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में विधवा विवाह को सर्वप्रथम प्रोत्साहन जयपुर नरेश सवाई जयसिंह ने दिया। भारत में पहला विधवा विवाह कोलकाता में 6 दिसम्बर 1856 को हुआ।

37. किसी व्रत का उद्यापन कहलाता है?
(1) उजमणो (2) व्रत खोलना
(3) व्रत समापन (4) व्रत क्रिया (1)

38. काट्टा, मेक, लोकाई, कांदिया व मौसर संबंधित है?
(1) मृत्यु भोज से (2) शादी में भोजन
(3) वस्त्र (4) आभूषण (1)

**व्याख्या–** भीलों के मृत्यु भोज को काट्टा कहते हैं तथा गरासियों के मृत्यु भोज को मेक या कांदिया कहा जाता है।

39. वर–वधू के ननिहाल पक्ष के लोग विवाह के दिन वस्त्र, गहने व नकदी आदि लेकर आते हैं, इस प्रथा का राजस्थान में प्रचलित नाम है?
(1) पहरावनी (2) मायरा भरना
(3) मायरा न्यूतना (4) कोथला (2)

40. वर व वधू की माताएँ अपने पीहर पक्ष को शादी में आने का न्यौता देती है, इस प्रथा का राजस्थान में प्रचलित नाम है?
(1) मायरा भरना (2) कोथला
(3) पहरावनी (4) बत्तीसी न्यूतना (4)